महत्वपूर्ण एवं खास

हड़ताली संविदा कर्मियों पर सरकार ने लगाया एस्मा

रायपुर (आरएनएस)। नियमितीकरण को लेकर हड़ताल कर रहे संविदा कर्मचारियों पर छत्तीसगढ़ सरकार ने एस्मा लगा दिया है। बता दें कि राज्य के 53 विभागों के संविदा कर्मचारी नियमितीकरण की मांग को लेकर 3 जुलाई से अनश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। कर्मचारी नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर प्रदर्शन कर रहे हैं।

टू व्हीलर शोरूम का मैनेजर ऑनलाईन संचालित कर रहा था सट्टा : गिरफ्तार

सक्ती-रायपुर (आरएनएस)। नगर के एक टू-व्हीलर शोरूम में बतौर मैनेजर के रूप में कार्यरत एक युवक बड़ा सटोरिया निकला। पुलिस ने योजनाबद्ध ढंग से इस शोरूम में दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सूत्रों से जानकारी मिली थी कि नगर के एक टू-व्हीलर शो रूम में काम करने वाला मैनेजर नगर में सट्टा संचालित करता है और वह एक बड़ा खाईवाल है। सूचना पर पुलिस ने जानकारी का परीक्षण कराया, जिसमें शिकायत सही पाया गया। इसके बाद पुलिस ने योजनाबद्ध ढंग से काम करते हुए नगर के टू-व्हीलर शो रूम में दबिश देकर आरोपी मैनेजर आकाश अग्रवाल को हिरासत में लिया। उसके मोबाइल और लैपटॉप की जांच करने पर पता चला कि वह इनके माध्यम से ही सट्टा संचालन कर रहा था। ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाले बड़े सटोरियों की जानकारी भी पुलिस को मिली है। पुलिस का दावा है कि वह जल्द ही इनके ठिकानों पर भी दबिश देगा। रेड के दौरान पुलिस की विशेष टीम ने सक्ती के बाइक शोरूम में दबिश दी. वहां सटोरिया आकाश अग्रवाल ऑनलाइन सट्टे का संचालन करते पकड़ा गया. गिरफ्तार सटोरिए के मोबाइल को जब पुलिस ने चेक किया, तो उसमे अन्य सटोरिए के साथ लेन देन के लिंक मिले हैं।

राज्य के 15 जनपद पंचायत सीईओ इधर से उधर

रायपुर (आरएनएस)। पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय ने बड़े पैमाने पर मुख्य कार्यपालन अधिकारियों का स्थानांतरण आदेश जारी किया है। आदेशानुसार सभी अधिकारियों को 15 दिनों के भीतर पदभार ग्रहण करना होगा। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय से जारी आदेशानुसार जिन अधिकारियों का स्थानांतरण हुआ है उनमें- हिमांशु गुप्ता जनपद पंचायत बिलासपुर से जनपद पंचायत अकलतरा, बीआर वर्मा जनपद पंचायत बिल्हा से जनपद पंचायत कुरूद, सत्यव्रत तिवारी जनपद पंचायत अकलतरा से जनपद पंचायत तखतपुर, श्रीकुमार सिंह जनपद पंचायत मस्तुरी से जनपद पंचायत आरंग, किरण कुमार कौशिक जनपद पंचायत आरंग से जनपद पंचायत धमधा, आरएस नायक जनपद पंचायत डभरा से जनपद पंचायत सहसपुर-लोहारा, प्रदीप प्रधान जनपद पंचायत पिथौरा से जनपद पंचायत पथरिया, सुश्री क्रांति धुरव जनपद पंचायत साजा से सहायक परियोजना अधिकारी जिला पंचायत दंतेवाड़ा, राजेन्द्र कुमार पडौती जनपद पंचायत गुरूर से जनपद पंचायत मगरलोड, रौशनी भगत जनपद पंचायत खैरागढ़ से जनपद पंचायत अभनपुर, प्रकाश मेश्राम जनपद पंचायत धमधा से जनपद पंचायत गुरूर, पन्नालाल धुर्वे जनपद पंचायत कवर्धा से जनपद पंचायत साजा, संदीप शाह पोयाम जनपद पंचायत मालखरौदा से जनपद पंचायत पिथौरा एवं सुश्री प्रज्ञा यादव जनपद पंचायत पामगढ़ से जनपद पंचायत बरमकेला।

सावन में महाकाल दर्शन, की सुख-समृद्धि की कामना

जगदलपुर (आरएनएस)। प्रदेश के आबकारी एवं उद्योग मंत्री कवासी लखमा ने मंगलवार को मध्यप्रदेश के उज्जैन में भगवान महाकाल की पूजा अर्चना कर बस्तर एवं छत्तीसगढ़वासियों की सुख, समृद्धि की कामना की। ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर के बाद काल भैरव का दर्शन भी किया। जहां उन्होंने विधि विधान के साथ पूजा की। मंदिर के पुजारी ने पीतवस्त्र और तुलसी की माला पहनाकर प्रसाद दिए।

एक से 13 अगस्त तक मनाया जाएगा वजन त्यौहार : आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों के पोषण स्तर की जांच के लिए चलेगा वजन त्यौहार

❒ **अभिभावकों से आंगनबाड़ी केन्द्र आकर बच्चों के वजन कराने का आग्रह**

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के आंगनबाड़ी केन्द्रों में दर्ज बच्चों की पोषण स्तर की जांच के लिए वजन त्यौहार का आयोजन किया जाएगा। आंगनबाड़ी केन्द्रों में वजन त्यौहार का आयोजन 1 अगस्त से 13 अगस्त 2023 तक किया जाएगा। इस संबंध में सभी अभिभावकों से आंगनबाड़ी केन्द्र आकर अपने बच्चों का वजन कराने आग्रह किया गया है। महिला बाल विकास विभाग द्वारा वजन त्यौहार की तैयारियों और कार्ययोजना के संबंध में सभी जिला कलेक्टरों और विभागीय अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किया गया है।

आंगनबाड़ी केंद्र में दर्ज बच्चों के अलावा वजन त्यौहार आयोजन के समय बाहर से आए बच्चे भी वजन लेने से वंचित न रहे यह भी सुनिश्चित करने कहा गया है। वजन त्यौहार के आयोजन की तिथि में आंगनबाड़ी केन्द्र शाम 5 बजे तक अनिवार्यत: खुले रखने कहा गया है। किशोरी बालिकाओं में एनीमिया के स्तर में सुधार के लिए वजन त्यौहार के दौरान उनके एनीमिया के स्तर का आकलन भी किया जाएगा। नगर निगम एवं नगर पालिका क्षेत्रों के कॉलोनियों में जहां संभावित घुमन्तू बच्चे हो सकते हैं तथा निर्माण साईट पर जहां श्रमिक परिवार सहित निवास करते हैं उन सभी क्षेत्रों में बच्चों के वजन के लिए पर्याप्त संख्या में स्टाफ सहित चलित वाहन की व्यवस्था की जायेगी।

वजन त्यौहार के दौरान आंगनबाड़ी केन्द्रों में 6 वर्ष से कम आयु बच्चों के पोषण स्तर का आकलन के साथ ही बच्चों की नि:शक्तता की स्थिति भी ज्ञात की जाएगी। इससे स्थान विशेष और वर्गों में कुपोषण की पहचान होगी और किन स्थानों पर, किन कारणों से कुपोषण अधिक है यह स्पष्ट हो सकेगा। जिससे उनके लिए विशेष योजना बनाई जाएगी। बच्चों के पोषण स्तर के बारे में अभिभावकों को अवगत कराते हुए उन्हें कुपोषण के संबंध में जागरूक कर, बच्चों को कुपोषण से बाहर लाने हेतु उचित परामर्श दिया जाएगा।

वजन त्यौहार का उददेश्य जन-जन को कुपोषण के प्रति जागरूक करना है। इस दौरान सभी विकासखण्डों में क्लस्टरवार वजन त्यौहार का आयोजन किया जाएगा। जिसके अंतर्गत प्रत्येक गांव, आंगनबाडी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी 06 वर्ष से कम आयु के बच्चों का वजन और ऊंचाई लेकर उनका पोषण स्तर (बौनापन तथा दुर्बलता) का माप किया जाएगा। साथ ही प्राप्त आंकड़ो के आधार पर कुपोषण की दर में कमी लाने हेतु लक्ष्यों का निर्धारण कर जिला स्तर पर उपयुक्त कार्ययोजना बनाई जाएगी।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2012 से अब तक कुल 9 बार वजन त्यौहार का आयोजन किया जा चुका है। वजन त्यौहार में निर्धारित तिथि में बच्चों का वजन लिया जाकर ऑनलाईन सॉफ्टवेयर के माध्यम से पोषण स्तर का पता किया जाता है। इस दौरान कम वजन वाले बच्चों को चिन्हांकित कर कुपोषण की सही स्थिति का पता किया जाता है। इस अभियान में किशोरी बालिकाओं की जांच को भी शामिल किया गया है।

वजन त्यौहार की प्रमाणिकता हेतु सहयोगी स्वैच्छिक संस्थाए जैसे यूनिसेफ, केयर, वल्डविजन, स्वैच्छिक संगठन, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय द्वारा लिए गए वजन की नमूना जांच और सर्वे की प्रक्रिया भी संपादित कराई जायेगी। कार्यक्रम के सुचारू एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन के लिए राज्य स्तरीय और प्रशिक्षण केंद्र के अधिकारियों को भी निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण का दायित्व दिया गया है।

कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने ली विधानसभा चुनाव की तैयारी के लिए बैठक

❒ **निर्वाचन का अब एक्चुअल काम शुरू होगा: कलेक्टर**

सारंगढ़-बिलाईगढ़। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर के निर्देशानुसार कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने विधानसभा आम चुनाव 2023 के दौरान जिले में निर्वाचन संबंधी कार्यों के सुचारू संचालन एवं सफलतापूर्वक संपादन हेतु कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के अधिकारियों-कर्मचारियों की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 के दौरान लगभग 3 हजार निर्वाचन कर्मी की आवश्यकता होगी अतः पीपीईएस सॉफ्टवेयर में जिन विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों की एन्ट्री शेष है, वे शीघ्र एन्ट्री पूरा करें। निर्वाचन में सेक्टर आफिसर का काम बहुत महत्वपूर्ण व संवेदनशील होता है।

कलेक्टर ने बैठक में अधिकारियों-कर्मचारियों से पूछा कि नाम निर्देशन पत्र क्या है, डाकमत का उपयोग कैसे और कौन कर सकते हैं और उसके लिफाफा पत्र किस प्रकार तैयार की जाती है, आदर्श आचरण संहिता और संपत्ति विरूपण क्या है, मीडिया में पैड न्यूज, इस संबंध में जिन अधिकारियों-कर्मचारियों को जानकारी था, उन्होंने जवाब दिया और शेष की जानकारी निर्वाचन कर्मचारियों द्वारा बताया गया। कलेक्टर ने निर्वाचन के लिए केन्द्र सरकार द्वारा नियुक्त प्रेक्षक अधिकारी के ठहरने, वाहन, भ्रमण की समुचित व्यवस्था और राजनीतिक दलो से संबंधित अनुमति, वाहन परमिट, नाम निर्देशन कार्य, प्रतीक आबंटन, नामांकन, नाम वापसी, मतदान दिवस की जानकारी, वीडियोग्राफी, वेबकॉस्टिंग, सी-विजिल और सी-टॉप जैसे महत्वपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया के बारे में विशेष तैयारी एवं प्रशिक्षण करने कहा।

बैठक में निर्वाचन से संबंधित सामान्य शाखा, कर्मचारियों की व्यवस्था, ईटीपीबीएस से संबंधित कार्य, यातायात व्यवस्था, अधिकारियों-कर्मचारियों का प्रशिक्षण, जिला निर्वाचन प्रबंधन, कम्यूनिकेशन प्लान, सामान्य जानकारी का विधानसभावार व जिलेवार नक्शा तैयार करना, चिन्हित प्रति तैयार करना, मतपत्र प्रूफ रीडिंग, प्रवेश पत्र शाखा, निर्वाचन प्रपत्र एवं सामग्री का निर्वाचन स्टोर, सामग्री क्रय एवं निविदा कार्य, चिकित्सा दल, शिकायत शाखा-सी विजिल, निर्वाचन व्यय शाखा, निर्वाचनकर्मियों का मानदेय, कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था, मतपत्र मुद्रण एवं स्ट्रांगरूम में भंडारण, वेब कॉस्टिंग व कम्प्यूटीकरण, इव्हीएम और व्हीव्हीपैट का प्रशिक्षण और मतदाता जागरूकता कार्यक्रम, मीडिया प्रमाणन अनुवीक्षण व पैड न्यूज (एमसीएमसी), मतदाता जागरूकता (स्वीप) कार्यक्रम, मतदान सामग्री वितरण केन्द्र, वापसी एवं मतगणना स्थल की बेरिकेडिंग की व्यवस्था, निर्वाचन कार्य के दौरान विद्युत, माइक, टेन्ट, लाईट की व्यवस्था, मतदान दलों हेतु रूट चार्ट एवं नक्शा तैयार करना, मतदान केन्द्रों का पेयजल, छाया, सफाई का भौतिक सत्यापन, कर्मचारी कल्याण शाखा, वेलफेयर अंतर्गत मतदान कर्मियों के ठहरने, पेयजल, शौचालय की व्यवस्था, जलपान एवं भोजन व्यवस्था, मतगणना हेतु आवश्यक व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों-कर्मचारियों से चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए।

डेढ़ किलोग्राम गांजा के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम ने एक व्यक्ति को अवैध रूप से गांजा का विक्रय करते हुए गिरफ्तार किया है तथा उसके पास से डेढ़ किलोग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना आरंग क्षेत्रांतर्गत ग्राम समोदा पास एक व्यक्ति अपने पास गांजा रखा है तथा बिक्री करने की फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहा है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना आरंग पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्ति की पतासाजी कर चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम अजय देवदास निवासी आरंग रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखें थैले की तलाशी लेने पर थैले में गांजा रखा होना पाया गया। जिस पर आरोपी अजय देवदास को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1 किलो 500 ग्राम गांजा कीमत लगभग 15 हजार रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना आरंग में धारा 20 बी नारकोटिक्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई।

रायपुर एयरपोर्ट से दुर्ग तक शुरू हुई सिटी बस सेवा, एक सौ रुपए होगा किराया

रायपुर (आरएनएस)। माना एयरपोर्ट से दुर्ग तक जाने वाली पूरी तरह वातानुकूलित सिटी बस का आज दोबारा शुभारंभ किया गया है। आज सुबह सवा दस बजे विवेकानंद विमानपत्तन परिसर से इस बस को रवाना किया गया। यह बस नवा रायपुर स्थित विवेकानंद एयरपोर्ट से तेलीबंधा, पचपेड़ी नाका, भाटागाँव, टाटीबंध, पवार हाउस, नेहरू नगर होते हुए दुर्ग शहर तक चलेगी। बस विवेकानंद विमानपत्तन परिसर से सुबह साढ़े आठ, सवा दस, दोपहर ढाई और शाम साढ़े छह बजे छूटेगी।

इसी प्रकार पूरी तरह एयर कंडीशंड यह बस दुर्ग से सुपेला, पवार हाउस, भिलाई-3, टाटीबंध, तेलीबंधा होते हुए एयरपोर्ट पहुँचेगी।

दुर्ग से बस सुबह 7:50 बजे, सवा ग्यारह बजे, दोपहर 12:50 बजे, और शाम 4:45 बजे पर छूटेगी। इस बस के चलने से दुर्ग से एयरपोर्ट तक आने जाने वाले यात्रियों को अब बेहतर सुविधा मिलेगीं। इस बस का एयरपोर्ट से रायपुर सिटी का किराया 40 रुपए और एयरपोर्ट से दुर्ग तक का किराया एक सौ रुपए होगा।

सारंगढ़ में यूनिवर्सिटी के लिए स्वीकृति और फंड देंगे: नंदकुमार बघेल

❒ **नंदकुमार बघेल का सारंगढ़ प्रवास**

सारंगढ़-बिलाईगढ़। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पिता और अखिल भारतीय कुर्मी किसान मजदूर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदकुमार बघेल का जिले के प्रवास के दौरान शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारंगढ़ में विधायक उत्तरी गनपत जांगड़े सहित अन्य प्रतिनिधियों ने पुष्प माला से स्वागत किया। विद्यालय सभाकक्ष में स्कूली छात्र-छात्राओं ने तालियों की गड़गड़ाहट से बघेल जी का स्वागत किया। यहां आयोजित समारोह में

विधायक जांगड़े ने कहा कि सभी स्कूली छात्राएं प्रतिदिन स्कूल आएं और पढ़ाई करें। अब रायपुर-बिलासपुर जाने की जरूरत नहीं, जिले में अब स्कूल-कॉलेज खुल रहे हैं। आप लोगों को कलेक्टर, एसपी, इंजीनियर बनना है और इस मंच पर आसीन होकर अपने माता-पिता, स्कूल, क्षेत्र का नाम रौशन करना है।

समारोह में नंदकुमार बघेल ने स्कूली छात्राओं को प्रमाण और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। एक बालिका के प्रश्न- हमें अब यहां यूनिवर्सिटी चाहिए, के जवाब में बघेल ने यूनिवर्सिटी के स्वीकृति के लिए हामी भरी और जो भी फंड की जरूरत होगी, वो पूरा करेंगे। इस अवसर पर राजमहंत सरजू प्रसाद धृतलहरे, विधायक प्रतिनिधि गनपत जांगड़े, अरूण मालाकार, संजय दुबे, गोल्डी नायक, मंजूलता आनंद, अविनाश पुरी गोस्वामी सहित जिला शिक्षा अधिकारी डेजी रानी जांगड़े, एबीईओ मुकेश कुर्रे सहित विद्यालय के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

कोसा धागाकरण बना आजीविका का साधन

❒ **समूह के सदस्यों ने तीन महीनों में 82 हजार रूपये से अधिक का अर्जित किया मुनाफा**

गरियाबंद (आरएनएस)। राज्य शासन द्वारा संचालित हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ लेकर जिले के समूह के सदस्य अतिरिक्त आय अर्जित कर रहे हैं। शासन द्वारा प्रदान किये जाने वाले अधोसंरचना और तकनीकी सहयोग के बदौलत ग्रामीण अधिक आय अर्जित करने के लिए आजीविका के अन्य साधनों पर भी जोर दे रहे हैं। इसी तारतम्य में समूह के सदस्यों ने कोसा धागाकरण को आजीविका का नया साधन बनाकर पिछले तीन महीनों में ही 82 हजार रूपये से अधिक का आय अर्जित कर चुके है।

ग्राम किरवई के कोसा विकास स्वसहायता समूह के 17 हितग्राहियों ने जिले में संचालित रेशम केन्द्र किरवई में कोसा धागा का उत्पादन कर 2 लाख 3 हजार 650 रूपये का धागा बुनकरों को बेच चुके है। इससे कोसा फल की लागत चुकाने के बाद भी सदस्यों को 82 हजार 844 रूपये का शुद्ध लाभ हुआ है। समूह के सदस्य अपने घरेलु कामों के अलावा अतिरिक्त समय में कोसा धागाकरण का काम करके आर्थिक लाभ कमा रहे है।

सहायक संचालक रेशम विभाग एस.के. कोल्हेकर ने बताया कि जिले में की गई अभिनव पहल के तहत कोसा धागाकरण से हितग्राही रोजगार प्राप्त कर रहे है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023-24 में अप्रैल से जून 2023 तक जिले में संचालित रेशम केन्द्र किरवई में समूह के सदस्यों द्वारा 82 किलो से अधिक टसर कोसा धागा का उत्पादन किया गया। समूह के सदस्यों को शासन की ओर से रेशम केन्द्र में कोसा धागाकरण के लिए अधोसंरचना एवं आवश्यक सुविधा प्रदान किया जाता है।

रेशम विभाग द्वारा ककून बैंक से ककून खरीदी में भी सहयोग की जाती है। साथ ही सदस्यों को मशीन भी दी जाती है, जिससे ग्रामीणों को कोसा धागाकरण में सहुलियत होती है। सहायक संचालक ने बताया कि जिले के अधिक लोगों को कोसा धागाकरण के कार्य से जोडने के लिए मालगांव में भी धागाकरण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने का प्रयास किया जा रहा है।

शासकीय विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की समीक्षा बैठक राजभवन में संपन्न

रायपुर (आरएनएस)। आज के युवा हमारे भविष्य हैं। आने वाली कल की जिम्मेदारी उन पर है। इसलिए वे विश्वविद्यालय की गतिविधियों तक सीमित ना रहें बल्कि आम नागरिकों के बीच जाकर उनकी समस्याओं को समझे और जिम्मेदार नागरिक बनकर अपनी भूमिका का निर्वहन करें। विद्यार्थियों को संवेदनशील एवं देश भक्त नागरिक बनाने के लिए विश्वविद्यालयों के ऊपर बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सभी को मिल कर विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा देने का प्रयास करना चाहिए ताकि आत्मनिर्भर भारत की ओर हम अग्रसर हो सके।

राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने आज 25 जुलाई को राजभवन में राज्य के सभी 15 शासकीय विश्वविद्यालयों की शैक्षणिक गतिविधियों, अनुसंधान कार्य एवं अन्य कार्यो की समीक्षा के दौरान उक्त बातें कही। बैठक में उच्च शिक्षा विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, राज्यपाल के सचिव अमृत खलखो, कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. कमल प्रीत सिंह, अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं सभी शासकीय विश्वविद्यालयों के कुलपति उपस्थित थे।

बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन की स्थिति, नैक (नेशनल एसेसमेंट एंड एक्रेडिटेशन कौंसिल) द्वारा विश्वविद्यालयों एवं संबंद्ध महाविद्यालयों के मूल्यांकन की स्थिति, ग्रेडिंग और संस्थानों द्वारा नेक ग्रेडिंग सुधारने के लिए किये जा रहे प्रयासों की समीक्षा की गई। साथ ही विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक पदों पर भर्ती एवं नियुक्ति आदि की समीक्षा भी की गई। बैठक में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय और अन्य उच्च शैक्षणिक संस्थाओं के मध्य हुए एम.ओ.यू., अकादमिक सत्र के पालन, परीक्षाओं एवं परिणाम के समय पर जारी करने के संबंध में एवं विश्वविद्यालयों द्वारा कराए गए विशेष अनुसंधान, नवाचार आदि की भी जानकारी ली गई। सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से निर्धारित एजेंडा के अनुसार अपने विश्वविद्यालयों की गतिविधियों की जानकारी दी।

राज्यपाल ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि युवा हमारे देश में कार्यबल की एक तिहाई का प्रतिनिधित्व करते है। भारत दुनिया के उन देशों में से एक है जहां युवा आबादी अधिक है। कौशल विकास, नेतृत्व कार्यक्रमों, खेल, सांस्कृतिक, साहित्यिक और अन्य गतिविधियों के माध्यम से युवाओं की असीमित ऊर्जा का उपयोग करना चाहिए। विश्वविद्यालयों का फोकस ऐसे पाठ्यक्रम डिजाइन करने पर भी होना चाहिए जिससे उनकी रोजगार क्षमता बढ़े। सॉफ्ट स्किल्स, संचार कौशल विकसित करने वाले पाठ्यक्रम भी होना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्ग दर्शन में बनायी गयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाना है। नई शिक्षा नीति में कई ऐसे प्रावधान है जो उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लायेंगे।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU